सार-समाचार

परीक्षा की व्यवस्थाएं पुख्ता करें : प्रताप

जैसलमेर, (नि.सं.)। जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने रीट परीक्षा से जुडें अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे परीक्षा को लेकर सभी व्यवस्थाएं चाक चौबन्द रखें। उन्हांने कहा कि रीट परीक्षा के निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ आयोजन के लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर दी गई है एवं सुरक्षा को लेकर पुख्ता प्रबन्ध किए गए है। जिला कलेक्टर श्री सिंह ने मंगलवार को जिला कलक्ट्री सभा कक्ष में अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) 2024 के 27 व 28 फरवरी को आयोजन के सम्बन्ध में नियुक्त एरिया, जोनल अधिकारी एवं केन्द्र पर्यवेक्षकों की बैठक में अधिकारियों को यह निर्देश दिए कि वे रीट परीक्षा के लिए जारी एस.ओ.पी. की अक्षरश: की पालना सुनिश्चित हो इस बात का विशेष ध्यान रखें। उन्होने एरिया,जोनल अधिकारी एवं केन्द्र पर्यवेक्षकों को निर्देश दिए कि वे आज से ही परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर सभी व्यवस्थाएं बारीकी से देख ले। उन्होंने बताया कि रीट परीक्षा के निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ आयोजन के लिए सभी अधिकारीयों को ओएमआर शीट की सुरक्षा एवं गोपनीयता, कानून व्यवस्था, प्रश्न पत्रों के सुरक्षित परिवहन, परीक्षार्थियों की सुविधाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए जा चुकें है। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त उपनिवेशन नरेन्द्र पुरोहित, उपखण्ड अधिकारी सक्षम गोयल, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक रामनिवास शर्मा, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र सिंह सहित केन्द्र पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

परीक्षार्थियों के लिए स्पेशल ट्रेन

जोधपुर, (का.सं.)। रीट परीक्षा-2025 में भाग लेने वाले परीक्षार्थियों की सुगम व सुरक्षित यात्रा के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से रीट परीक्षा स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। जोधपुर डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या गाड़ी संख्या 04811 / 04812 जोधपुर - ग्वालियर - ढेहर का बालाजी (जयपुर) रीट परीक्षा स्पेशल रेल एक फेरा करेगी। इसमें 20 साधारण श्रेणी तथा दो गार्ड डिब्बों सहित कुल 22 कोच होंगे। इसके तहत गाड़ी संख्या 04811 जोधपुर-ग्वालियर रीट परीक्षा स्पेशल ट्रेन जोधपुर से 25 फरवरी की रात 11 बजे रवाना होकर सुबह 4 बजे जयपुर स्टेशन पर पहुंचे। यहां 10 मिनट ठहराव के बाद 4:10 बजे प्रस्थान कर 12:30 बजे ग्वालियर पहुंचेगी। इसी तरह, गाड़ी संख्या 04812 ग्वालियर-ढेहर का बालाजी (जयपुर) रीट परीक्षा स्पेशल रेलसेवा ग्वालियर से 26 फरवरी की शाम 7:30 बजे रवाना होकर अगले दिन अलसुबह 4:30 बजे ढेहर का बालाजी (जयपुर) पहुंचेगी। यह ट्रेन मार्ग में राईका बाग, पीपाड़ रोड, गोटन, मेडता रोड, डेगाना, मकराना, कुचामन सिटी, नांवा, फुलेरा, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बांदीकुई, मंडावर महवा रोड, खेडली, भरतपुर, अछनेरा, आगरा कैंट, धौलपुर, मुरेना स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

सूरसागर में कार्यालय का लोकार्पण आज

जोधपुर, (कासं)। नागरिक सहकारी बैंक की सूरसागर शाखा के रिडिया फांटा चौराहा के पास , सूरज बेरा सुरसागर स्थित नए कार्यालय का लोकार्पण बुधवार को प्रात: 11. 15 बजे राज्यसभा सांसद व अध्यक्ष नागरिक सहकारी बैंक राजेंद्र गहलोत द्वारा किया जाएगा। नागरिक सहकारी बैंक के महाप्रबंधक शक्ति सिंह भाटी ने बताया कि प्रात: 8¬30 हवन होगा व प्रात: 11.15 बजे राज्यसभा सांसद व अध्यक्ष जोधपुर नागरिक सहकारी बैंक राजेंद्र गहलोत द्वारा विधिवत फीता काटकर नए परिसर का लोकार्पण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि सांसद व जोधपुर नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेंद्र गहलोत, प्रबंधकीय मंडल अध्यक्ष निर्मल कछवाह, महापौर व संचालक श्रीमती कुंती परिहार व बैंक के उपाध्यक्ष गणपत सिंह चौहान होंगे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर प्रबंध संचालक देवेंद्र अमरावत द्वारा अतिथियों का स्वागत किया जाएगा। व बैंक के अधिकारी व कर्मचारी एवं बैंक के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

ग्राम केरू में अवैध खनन पर कार्रवाई

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने जेडीए आयुक्त उत्साह चैधरी के निर्देशानुसार निरन्तर अवैध निर्माणों, अवैध खनन एवं अतिक्रमणों पर कार्यवाही की जा रही है। मंगलवार को जेडीए, खनन विभाग, राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम केरू के खसरा संख्या 812 में संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए अवैध खनन के लिए बनाए गए अवैध रास्तों को बंद किया। जेडीए उपायुक्त जोन-5 रामजी भाई कलबी के निर्देशन में तहसीलदार प्रतिज्ञा सोनी मय जेडीए दस्ते, खनन विभाग, राजस्व विभाग की टीम द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम केरू के खसरा संख्या 812 का मौका निरीक्षण किया गया। संयुक्त टीम ने निरीक्षण करते हुए मौका स्थल पर अवैध खनन के लिए बनाए गए अवैध रास्तों को दो जेसीबी की सहायता से बंद किया गया। प्रवर्तन अधिकारी, भू-अभि. निरीक्षक, प्रवर्तन निरीक्षक, पटवारी भी मौजूद रहे।

सामूहिक विवाह की पत्रिका का विमोचन

जैसलमेर, (नि.सं.)। सेवा भारती समिति द्वारा 1मार्च को श्रीराम जानकी सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन मुक्तेश्वर महादेव मन्दिर में किया जा रहा हैं इस निमित्त आयोजन समिति द्वारा निमंत्रण पत्रिका का विमोचन चूंधी गणेश मन्दिर में भोग लगाकर किया गया। सेवा भारती समिति के अध्यक्ष हीरालाल साधवानी ने बताया कि समारोह की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं और कार्यकर्ताओं को कार्य योजना के अनुसार नियुक्त कर दिया गया हैं। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने हेतु चूंधी गणेशजी मन्दिर में पहुंचकर गणेशजी से रिद्धि सिद्धि सहित पधारने और कार्यक्रम को सफल बनाने की प्रार्थना करने के बाद सेवा भारती समिति के प्रान्त संरक्षक डॉ. दाऊलाल शर्मा उपस्थिति में आयोजन समिति के अध्यक्ष जगदीश चाण्डक (कोटड़ी), उपाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, सेवा भारती के उपाध्यक्ष डॉ. दामोदर खत्री, गिरिराज सेवक, कपिल खत्री, भीमाराम, पदमाराम, मनीष गज्जा एवं जितेन्द्र तेजी द्वारा निमंत्रण पत्रिका का विमोचान किया गया।

महाशिवरात्रि आज, शिवालय सजाए

पाली, (नि.सं.)। महाशिवरात्रि का पर्व बुधवार को पाली सहित पूरे जिले में उत्साह पूरक मनाया जाएगा, जिसको लेकर शहर के सभी शिवालय सज़ कर तैयार हो गए हैं। पाली के हृदय स्थल सोमनाथ महादेव मंदिर को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया। मंदिर परिसर में कृत्रिम फूलों से सजाया गया। इस अवसर पर सोमनाथ महादेव के श्रृंगार के लिए 251 किलो विशेष फुल अजमेर से लाकर श्रृंगार किया जा रहा है। पुजारी कमलेश रावल ने बताया कि इस अवसर पर चार पहर में आरती होगी, रात्रि 12 बजे भस्म आरती, सुबह 5 कंकू आरती मंगला आरती के साथ मंदिर में रुद्राभिषेक समेत कई आयोजित होंगे। इससे पूर्व सोमवार को मंदिर में शिव जी का ब्यावला कलाकारों ने आयोजन किया था, श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए बेरी कटिंग लगाकर व्यवस्था की जा रही ह। इसी प्रकार लखोटिया महादेव, तारकेश्वर रामेश्वर, भूतनाथ नीलकंठ, ओकारेश्वर, रत्नेश्वर अमलेश्वर, अटल महादेव पंचमुखी महादेव मंदिरों में फूल मंडली का आयोजन होगा।

जालोर में 3 नवीन राजस्व ग्राम

जालोर, (कासं)। राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर बागोड़ा तहसील के मूल राजस्व ग्राम भालनी में से श्री विष्णु नगर व जगरूप की ढाणी तथा चितलवाना तहसील के मूल राजस्व ग्राम वीरावा में से साऊ धोरा को नवीन राजस्व ग्राम घोषित किया हैं। जिला कलक्टर प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 (1956 का अधिनियम 15) की धारा 16 में निहित प्रावधानों के अनुसरण में राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नवीन राजस्व ग्राम श्री विष्णु नगर का क्षेत्रफल 347.14 हैक्टेयर, जगरूप की ढाणी का क्षेत्रफल 300.76 हैक्टेयर एवं साऊ धोरा का क्षेत्रफल 425.537 हैक्टेयर रहेगा।

जेब काटने के मामले में गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। शहर में गत 22 फरवरी को पूर्व सीएम के जोधपुर आमगन पर एयरपोर्ट पर उमड़ी भीड़ में एक नेता की जेब काटने के मामले में पुलिस ने जेबकतरे को गिरफ्तार किया है। एयरपोर्ट थाने में दी रिपोर्ट में मंडोर निवासी बंशीलाल पुत्र भगराम विश्नोई ने बताया कि 22 फरवरी को वो एयरपोर्ट पर आया था। जहां पर जेब तराश ने उसकी जेब काट कर पर्स चुरा लिया। पर्स में हजारों की नकदी और दस्तावेज थे। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर वारदात को अंजाम देने वाले जेबतराश नट बस्ती बीजेएस कॉलोनी निवासी प्रदीप को गिरफ्तार किया।

अत्यधिक शराब सेवन से मौत

जोधपुर, (कासं)। शहर के मंडोर पुलिस थाना क्षेत्र मगजी की घाटी क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति की अत्यधिक शराब सेवन से मौत हो गई। उसके पुत्र की तरफ से पुलिस में मर्ग की रिपोर्ट दी गई।

रेल कर्मचारियों को मानसिक तनाव से बचने के तरीके बताए

जोधपुर, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर रेल मंडल के सभागार कक्ष में मंगलवार को कार्मिक विभाग द्वारा आयोजित स्ट्रेस मैनेजमेंट शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जोधपुर के मनोचिकित्सक द्वारा रेलवे के सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों को काम के दौरान मानसिक तनाव से निपटने के लिए उपयोगी स्ट्रेस मैनेजमेंट टिप्स दिए। मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में मंडल पर रेल कर्मियों को मनोचिकित्सक विजय कुमार सैनी ने रेल कर्मियों को स्ट्रेस मैनेजमेंट के महत्वपूर्ण टिप्स दिए।

डीआरएम सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जोधपुर के मनोरोग विशेषज्ञ विजय कुमार सैनी द्वारा संकेत एवं दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान तनाव मुक्त रहने के टिप्स साझा किए। उन्होंने बताया कि रेलवे सिग्नल और दूरसंचार विभाग में काम करने वाले कर्मचारियों को तनाव से बचने के लिए समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच, ब्रेक, हेल्दी लाइफस्टाइल और तकनीकी समझ को अपनाना चाहिए, इससे वे अपने काम को अधिक कुशलता से कर सकते हैं और मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं। यह विभाग रेलवे संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए कर्मचारियों का मानसिक रूप से स्वस्थ रहना आवश्यक है। शिविर के दौरान वरिष्ठ मंडल इंजीनियर संकेत एवं दूरसंचार अनुपम मीणा, मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर, शुभम यादव, सहायक मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर सतेंद्र मालोदिया, राकेश सिंह, कार्मिक विभाग के सहायक कार्मिक अधिकारी नरेंद्र सिवासिया तथा मंडल के अधिकारियों सहित दूरसंचार विभाग के रेलकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन नरेंद्र सिवासिया ने किया।

वहीं राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में राजभाषा सामान्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में रेल कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

राजभाषा अधिकारी नरेंद्र सिवासिया ने बताया कि मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह के निर्देश पर राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे कार्यक्रमों के तहत आयोजित राजभाषा सामान्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विभिन्न शाखाओं के 22 प्रतिभागियों ने भाग लिया। आयोजन संयोजक सहायक कार्मिक अधिकारी राधेश्याम चितारा के अनुसार विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

राजीव गांधी नगर सेक्टर-जे के 5 भूखंडों की नीलामी

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण ने माह फरवरी-अप्रैल 2025 के अन्तर्गत विभिन्न आवासीय, व्यावसायिक, मल्टीस्टोरी एवं सुविधा क्षेत्रों में स्थित भूखण्डों की ई-नीलामी निरन्तर जारी है। इसी क्रम में प्राधिकरण द्वारा गुरूवार को राजीव गांधी नगर योजना सेक्टर जे के पांच भूखण्डों की ई-नीलामी की जाएगी।

प्रभारी अधिकारी नीलामी शाखा संदीप सान्दू ने बताया कि ई-नीलामी में मंगलवार को प्राधिकरण ने राजीव गांधी नगर योजना सेक्टर-जे के 05 भूखण्डों की नीलामी की गई। नीलामी में राजीव गांधी नगर योजना के भूखण्डों के लिए न्यूनतम विक्रय दर से लगभग दो गुना 19200/-रूपये प्रति वर्गमीटर की उच्चतम बोली दर प्राप्त हुई। सान्दू ने बताया कि गुरूवार को प्रस्तावित भूखण्डों की ई-नीलामी के लिए नियमानुसार धरोहर राशि जमा करवा चुके आवेदकों से गुरूवार दोपहर 12:30 बजे तक ऑनलाईन बिड लगाते हुए नीलामी में भाग लिया जा सकता है।

इसी प्रकार शुक्रवार को राजीव गांधी नगर योजना सेक्टर-जे के भू.सं. 152, 153, 178, 179 एवं 204 की नीलामी की जाएगी। उक्त भूखण्डों हेतु नियमानुसार धरोहर राशि दिनांक 27 फरवरी प्रात: 11 बजे तक जमा करवाते हुए शुक्रवार दोपहर 12:30 बजे तक ऑनलाईन बिड लगाते हुए ई-नीलामी में भाग लिया जा सकता है।

ग्राम चैखा के खसरा सं. 701 स्थित व्यावसायिक भूखण्डों एवं मल्टीस्टोरी रहवासीय भूखण्डों की ई-नीलामी 03 मार्च से

निदेशक वित्त जेडीए मंजीत चारण ने बताया कि जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा मल्टीस्टोरी रहवासीय भूखण्डों की ई-नीलामी 03-04 मार्च एवं व्यावसायिक खसरा नं. 701 ग्राम चैखा के व्यावसायिक भूखण्डों की नीलामी 05 मार्च से 07 मार्च को आयोजित की गई है। प्राधिकरण की महत्वकांक्षी व्यावसायिक योजना खसरा नं. 701 के भूखण्डों के लिए आमजन में उत्साह एवं भारी रूझान निरन्तर जारी है। ज्ञात रहे कि प्राधिकरण ने पूर्व में आयोजित ई-नीलामी कार्यक्रम में भी जेडीए की व्यावसायिक खसरा नं. 701 ग्राम चैखा योजना के व्यावसायिक भूखण्डों की आमजन में भारी मांग एवं रूझान थे। जिसके मद्देनजर ग्राम चैखा ख. सं. 701 के व्यावसायिक भूखण्डोंके लिए प्राधिकरण को 87000/-रूपए प्रति वर्गमीटर तक की उच्चतम बोली दर प्राप्त हुई थी। ई-नीलामी में ऑनलाईन बिड लगाने की अन्तिम तिथि योजनावार विभिन्न भूखण्डों के लिए अलग-अलग निर्धारित की गई है। ई-नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्तें प्राधिकरण की वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

चारों प्रहरों में पूजा होगी

पाली, (नि.सं.)। श्रीमाली ब्राह्मण समाज की ओर से महाशिवरात्रि पर्व पर स्टेशन रोड़ स्थित आम्लेश्वर मंदिर में संपूर्ण दिवस एवं पूरी रात्रि अभिषेक पूजन किये जायेंगे। चारों वेदों के वैदिक मंत्रों से चार प्रहर की अलग अलग प्रकार से पूजा अर्चना की जायेगी। चारों प्रहरों में विशेष अर्घ्य विशेष महाप्रसाद भगवान को अर्पित होंगे। 151 साधकों द्वारा सामूहिक रूप से 35 शिवलिंगों का अभिषेक किया जायेगा।

संयोजक रविशंकर दवे ने बताया कि मंदिर में वैदिक मंत्रोंच्चार गुंजायमान होंगे। संध्या पश्चात् पूर्ण रात्रि वाराणसी के प्रख्यात आचार्य के सानिध्य में महाभिषेक कार्यक्रम आयोजित होगा। दिन पर्यंत स्थानीय आचार्यो व विद्वान पूजारी पंडित कृष्णकांत मिश्रा के सहयोग से अभिषेक व स्तुति, संध्या बाद सामूहिक अभिषेक किए जाएंगे।

एबीवीपी ने जे.एन.यू. कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया

जोधपुर, (कासं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी की ओर से मंगलवार को जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय केंद्रीय कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद छात्रों की ओर से विश्वविद्यालय प्रशासन को 15 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया। प्रदर्शन में शामिल छात्रों ने गोपनीय शाखा पर कई गंभीर आरोप भी लगाए।

एबीवीपी के इकाई अध्यक्ष दिलीप राजपुरोहित ने बताया कि जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय में एमपीईटी को लेकर नियमों को दरकिनार किया गया। प्रवेश प्रक्रिया में हुई अनियमितताओं और विश्वविद्यालय के अध्यादेश का उल्लंघन किया गया। इस मामले में जांच करवा कर पुन: शोधार्थियों की मेरिट के अनुसार शोध निर्देशकों को आवंटन किया जाए। यूनिवर्सिटी में खेल मैदान में बाथरूम और पीने के पानी के लिए प्याऊ की व्यवस्था भी नहीं है। कई बार आठाह करने के बावजूद यूनिवर्सिटी प्रशासन इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है।

राजपुरोहित ने बताया कि यूनिवर्सिटी की गोपनीय शाखा में भ्रष्टाचार है, जिसकी ऑडिट करवाई जाए। गोपनीय शाखा की गोपनीयता संदेह के दायरे में है। विद्यार्थियों की अंक तालिका में फेरबदल किया जाता है। इस पर तुरंत प्रभाव से रोकथाम के लिए उचित कदम उठाया जाए जिसमें लिप्त अधिकारी या स्टाफ जो भी शामिल है उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए। प्रदर्शन के दौरान के कार्यकर्ताओं ने गोपनीय शाखा के सहायक कुल सचिव का स्थानांतरण करने की मांग की है।

यूनिवर्सिटी के सभी विभाग की कक्षाओं में परीक्षा केंद्र बनाए गए, लेकिन कई जगहों पर पंखे भी खराब पड़े हैं और साफ सफाई भी समय पर नहीं की जा रही है। इतना ही नहीं छात्रों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था भी नहीं है।

इसके अलावा विश्वविद्यालय परिसर में कैंटीन की व्यवस्था करने, संविधान पार्क में नियमित रूप से सिक्योरिटी गार्ड को नियुक्त करने, यूनिवर्सिटी के हॉस्टल की मरम्मत करवाने सहित कई मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया।

सायला में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता हुई

जालोर, (कासं)। नेहरू युवा केन्द्र जालोर एवं युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में सायला ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, के खेल मैदान बिशनगढ़ में अधिवक्ता जगत सिंह, बिशनगढ़ थाना प्रभारी भेराराम व कार्यवाहक प्रधानाचार्य चंदुलाल की उपस्थिति में हुआ।

प्रधानाचार्य ने बताया कि खेल को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए तथा इसमें हार जीत होती रहती है हारी हुई टीम को हताश नहीं होना चाहिए, खेल जीवन का अभिन्न अंग है तथा खेल से मनुष्य स्वस्थ रहता है। कबड्डी प्रतियोगिता रा. उ. मा. वि.बिशनगढ प्रथम स्थान पर व रा.मा. वि.कोहीनूर की टीम उपविजेता ही रस्साकसी प्रतियोगिता में रा. उ. मा. वि. नरसाणा की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया व रा.उ.मा.वि. बिशनगढ़ की टीम उपविजेता रही तथा 100 मीटर दौड़ में उर्मिला प्रथम, ममता द्वितीय व नरेन्द्र कंवर तृतीय स्थान पर तथा 200 मीटर दौड़ में में ममता प्रथम, नेहीया द्वितीय तथा ने पुजा तृतीय स्थान प्राप्त किया तो वही पुरुष वर्ग में100 मीटर दौड़ में भरतसिंह प्रथम, मंगलाराम द्वतीय व सकता राम तृतीय पर तथा 200 मीटर दौड़ में प्रकाश प्रथम, पुष्कर द्वतीय दशरथ सिंह तृतीय स्थान पर रहा।

इस अवसर पर शा. शिक्षक असलम खान, जबार खान, दिनेश पंवार, रोशनलाल, ने निर्णायक भूमिका निभाई तथा। वहीं मंच संचालन रघुनाथ राम ने किया तथा असलम खान ने कार्यक्रम आयोजन में महतवपूर्ण भूमिका निभाई।

नेहरु युवा केंद्र से कार्यक्रम सहायक स्वयंसेवक रघुनाथ राम और खसाराम ने मिलकर सभी विजताओं और उप-विजेताओं को प्रमाण पत्र व मोमेंटो दिए शा. शिक्षक ईश्वर ने धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

शराब की शॉप से चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

पाली, (नि.सं.)। पाली में शराब की शॉप का ताल तोड़ वहां से करीब डेढ़ लाख रुपए के देशी-अंठोजी शराब चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। रिमांड के दौरान इनसे पूछताछ के आधार पर पुलिस चोरी की गई शराब बरामद करने का प्रयास करेगी। पकड़े गए आरोपियों में से एक आरोपी टोल प्लाजा पर पहले काम करता था। उसे पता था कि शराब की शॉप सूनसान क्षेत्र में है इसलिए आराम से चोरी की जा सकती है।

सीओ पाली ग्रामीण रतनाराम देवासी ने बताया कि 17 फरवरी को पाली के टैगोर नगर निवासी मोतीलाल पुत्र वनाराम चौधरी ने सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। जिसमें बताया कि उसकी शराब की शॉप सोनाईमांझी टोल नांके के पास है। 15 फरवरी की रात को अज्ञात चोर करीब डेढ़ लाख रुपए के देशी-अंठोजी शराब शॉप से चुराकर ले गए। पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू की।

आरोपियों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज करीब 50 से ज्यादा पॉइंट पर खंगाले, तब जाकर आरोपियों के बारे में सुराग लगा। ऐसे में उन्हें पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। जिन्होंने वारदात करना स्वीकार की। इस पर 24 फरवरी को मामले में जोधपुर जिले के हिंगोली (भोपालगढ़) निवासी 22 साल के प्रदीप पुत्र भंवरलाल, 21 साल के अशोक पुत्र मुकनाराम और 29 साल के रामरतन पुत्र पुखराज को गिफ्तार किया।

मामले में सदर थानाप्रभारी सहदेव चौधरी ने बताया कि आरोपी प्रदीप पांच-छह महीने पहले सोनाईमांझी टोल पर काम कर चुका है। उसे पता था कि टोल के पास सूनसान क्षेत्र में शराब की शॉप आई हुई है। इस पर वह अपने दो अन्य साथियों के साथ वेन लेकर आया और करीब डेढ लाख रुपए की शराब चोरी कर ले गए। आरोपियों को पकड़वाने में सदर थाने के कांस्टेबल सुरेश और हेमेन्द्र की मुख्य भूमिका रही।

चोरी की 5 बाइक बरामद, एक पकड़ा

पाली, (नि.सं.)। पाली में पुलिस ने एक शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके से चोरी की 5 बाइक भी बरामद की।

आरोपी आला दर्जे का बाइक चोर है। जिसके खिलाफ पूर्व में भी बाइक चोरी, लूट के मुकदमे दर्ज है। रिमांड के दौरान पुलिस की चोरी की कई वारदातें खुलने की उम्मीद है।

सीओ सिटी उषा यादव ने बताया कि जोधपुर हाल पाली के नया हाऊसिंग बोर्ड निवासी 44 साल के अमित पुत्र बगड़ावतराम विश्नोई ने रिपोर्ट दी करवाई थी। जिसमें बताया कि उसके घर के बाहर से 17 फरवरी को उसने बाइक अपने घर के बाहर रखी थी। जो 18 फरवरी की सुबह गायब मिली। आस-पास ढूंढा लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिला।

पीड़ित की रिपोर्ट दर्जकर सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मामले में शक के आधार पर पाली के सूरजपोल जटियों का बास हाल भास्कर विहार खैरवा रोड निवासी 22 साल के हरीश नवल पुत्र अशोक कुमार को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। जिसने बाइक चोरी करना स्वीकार किया।

औद्योगिक थाना प्रभारी जसवंतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि आरोपी ने हाऊसिंग बोर्ड खाटू श्याम मंदिर से आगे की तरफ जाने वाले रास्ते पर जंगल में झाड़ियों में चोरी की चार बाइक छुपा रखी थी।

उसकी निशानदेही पर वे बाइक भी बरामद की। आरोपी ने पाली, रोहट सहित अन्य क्षेत्रों से ये बाइक चोरी करना स्वीकारा।

14174 परीक्षार्थी देंगे रीट परीक्षा

जालोर, (कासं)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर के निर्देशानुसार जिले में राजस्थान अध्यापक पात्रता (रीट) निर्धारित 26 परीक्षा केन्द्रों पर 27 व 28 फरवरी को आयोजित की जायेगी। कुल 14174 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

परीक्षा के नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने बताया कि राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा 2024 का आयोजन 27 फरवरी, गुरूवार को लेवल-। (कक्षा 1 से 5) प्रथम पारी (प्रात: 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक) एवं लेवल-2 (कक्षा 6 से 8) द्वितीय पारी (दोपहर 3 बजे से सायं 5.30 बजे तक) तथा 28 फरवरी, शुक्रवार को लेवल-2 (कक्षा 6 से 8) तृतीय पारी (प्रात: 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक) आयोजित की जायेगी। प्रथम पारी में 16 केन्द्रों पर 3399, द्वितीय पारी में 21 केन्द्रों पर 4839 व 28 फरवरी को 26 परीक्षा केन्द्रों पर 5936 परीक्षार्थी आवंटित किये गये हैं। जिले में जालोर शहर में 17 परीक्षा केन्द्र, आहोर शहर में 6 परीक्षा केन्द्र, मांण्डवला में 2 परीक्षा केन्द्र व गोदन में 1 परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए जिला कलक्ट्रेट कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष 25 फरवरी से सुबह 6 बजे से 28 फरवरी को जिले से परीक्षा सामग्री रीट कार्यालय अजमेर पहुंचने तक संचालित रहेगा। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 02973-222216 रहेगा। नियंत्रण कक्ष के प्रभारी प्रधानाचार्य जबरसिंह देवड़ा रहेंगे।

जानकारी के अनुसार बोर्ड पहली बार परीक्षा में फेस रिकॉग्नाइजेंशन तकनीक का उपयोग करेगा। इसमें प्रवेश-पत्र में लगी फोटो का बार कोड के जरिए परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित अभ्यर्थी से मिलान किया जाएगा। उसके फिंगर प्रिंट भी लिए जाएंगे।

मनोहर सिंह राठौड़ को सेठ सूरजमल मोहता साहित्य पुरस्कार

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर के वरिष्ठ साहित्यकार मनोहर सिंह राठौड़ को सेठ सूरजमल मोहता साहित्य पुरस्कार पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार के रूप में 50-50 हजार की राशि के साथ शाल, श्रीफल, मुक्तामाला, प्रमाण-पत्र व प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया।

साहित्य समिति राजगढ़ के तत्वावधान में सेठ सूरजमल मोहता साहित्य पुरस्कार का आयोजन शीतला बाजार स्थित मोहता महिला महाविद्यालय के सभागार में मोहनलाल सोनी सचिव, जिला विधिक प्राधिकरण, अलवर की अध्यक्षता में समारोह पूर्वक किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि श्रीवर्धन मोहता चैयरमेन, मोहता संस्थाएं, विशिष्ट अतिथि राजेश सिहाग सी.आई., राजगढ़ व श्याम सुंदर शर्मा सचिव, नगरश्री चूरू थे।

वर्ष 2023 के लिए जयपुर के ख्यातनाम साहित्यकार वेद व्यास व 2024 के लिए जोधपुर के वरिष्ठ साहित्यकार मनोहर सिंह राठौड़ को पुरस्कार के रूप में 50-50 हजार की राशि के साथ शाल, श्रीफल, मुक्तामाला, प्रमाण-पत्र व प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रदेश के जन, चिकित्सक, शिक्षाविद व विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

इस मौके संबोधित करते साहित्यकार मनोहर सिंह राठौड़ ने साहित्य के प्रश्रय के लिए श्रेष्ठिजनों के योगदान पर प्रकाश डाला। साहित्यकार वेदव्यास ने विद्यार्थियों व युवा पीढ़ी को साहित्यिक गतिविधियों से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि राजेश सिहाग व श्याम सुंदर शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर डॉ. पितराम गोदारा, झुंझुनू की पुस्तक दरकते रिश्ते एवं बिखरती जिंदगी का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया। सामाजिक सरोकारों के प्रेरक डॉ. गोदारा ने भोजन के अपव्यय को रोकने की बात कही। मोहता संस्थाओं के अध्यक्ष श्रीवर्धन मोहता ने अतिथियों को सेठ सूरजमल मोहता द्वारा रचित बहुमूल्य पुस्तकों का सैट भेंट किया।

अध्यक्ष मोहनलाल सोनी, आरजेएस ने साहित्य को समाज का दर्पण बताते हुए समाज के प्रति साहित्यकारों के अमूल्य योगदान को उद्धृत किया। अतिथियों व बाहर से आने वाले साहित्यकारों को प्रतीक चिह्न प्रदान किए गए। समिति के अध्यक्ष डॉ. रामकुमार घोटड़ ने आगंतुकों के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन समिति मंत्री अनिल शास्त्री ने किया।

भडला गांव में रात्रि चौपाल आयोजित

बाप, (निसं)। प्रभारी सचिव मेघराज सिंह रत्नू व जिला कलक्टर एचएल अटल ने सोमवार को सीमावर्ती भडला गांव में रात्रि चौपाल लगाते हुए ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। ग्रामीणों की समस्याओ को सुनते हुए प्रभारी सचिव ने संबंधित विभाग के अधिकारी से जवाब लेते हुए प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आमजन की परिवेदनाओं के निस्तारण में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। साथ ही प्रकरणों का निस्तारण होने के उपरांत रिपोर्ट से कार्यालय को अवगत करवाने के निर्देश दिए।

चौपाल में ग्रामीणों ने पेयजल आपूर्ति, पानी की टंकी, राइजिंग लाइन से अवैध कनेक्शन, गांव में विकास कार्यों, आबादी भूमि कटवाने, डामर सडक निर्माण, ग्रेवल सडक पूर्ण करवाने, जीएलआर की तारबंदी, तरमीम शुद्धि, स्वास